डिजीटल अखबार

डीआर भोपाल

01

भोपाल, बैरागढ़, वीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया आश्विनीकृष्ण पक्ष 12-2083 भोपाल,दिन बुधवार,दिनांक 07 अक्टूबर 2026

न्यूज गैलरी

संविदा अकाउंटेंट 4 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ाया

भोपाल। भोपाल महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में पदस्थ संविदा अकाउंटेंट मुकेश यादव को लोकायुक्त पुलिस ने मंगलवार को 4 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा। वह विभाग से सितंबर 2025 में रिटायर सहायक सांख्यिकी

अन्वेषक निलंबितहीन से पेंशनरी और एलबीएम परिवार जारी कराने के बदले रिश्वत मांग रहा था। निलंबितहीन ने 30 सितंबर को लोकायुक्त एसपी सुनील पाटीदार से शिकायत की थी। जांच में रिश्वत मांगने की पुष्टि के बाद ट्रैप किया गया। स्कम लेते ही टीम ने यादव को पकड़ लिया। उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।

अतिक्रमण हटाओ मुहिम, 2 संपत्तियां, 1 फैक्ट्री सील

भोपाल। नगर निगम ने अतिक्रमणों के खिलाफ लगातार अभियान चलाते हुए कई क्षेत्रों में कार्रवाई की। सी. एम. हेल्पलाइन, महापौर हेल्पलाइन, जन्म नामनी से मिली शिकायतों के निराकरण के तहत अलसाखी झुग्गियां, अरेरा चट्टानें, नाली के ऊपर रखी फर्शियां, फुटपाथ पर दुकानें, दुकानों के बाहर रखा सामान हटाया गया। तेली, गुमटी, टैक्ट, शेड, स्टूल, एक ओमनी वैन जब्त की गई। अतिक्रमण निरीक्षण दस्ते ने कोहेफिजा जनपदीय, इब्राहिमगंज, पीरगेट, अशोका गार्डन, बरखेड़ा पठानी, बागसेवनिया सहित कई इलाकों में आयोजन में बाबाद दोपहिया-चारपहिया वाहन, सूत्र पेन, निर्माण सामग्री हटाई। महापौर अनुजा सक्सेना के साथ निरीक्षण अंकपुरी वार्ड 61 में 2 प्रॉपर्टी, 1 फैक्ट्री को सील किया गया।

नौरादेही में दो चीते आज, दो एक महीने बाद होंगे शिफ्ट

भोपाल। भारत में चीता प्रोजेक्ट के तहत चीतों को अब खबरी बड़ा घर मिलने जा रहा है। 2339 वर्ग किलोमीटर में फैले गढ़ के सबसे बड़े टाइगर रिजर्व दीसीटीआर (नौरादेही) में दुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बोरासरा सूत्र के दो चीतों को सीमेंट सिंथेटिक बोमा में छोड़ेंगे। सिर्फ 7 माह पहले ही भारत लाए गए इन चीतों में नर चीता चीनी और मादा सीसीसी 3 शामिल हैं। इसके बाद दो और चीतों को एक माह के अंतराल के बाद यहां छोड़ा जाएगा। चीता स्टीयरिंग कमेटी ने वर्ष 2026 में नौरादेही में 4 चीतों के ट्रांसलोकेशन की मंजूरी दी है। शासक के रूप में पीएम गोदड़ मोदी के 25 सात 7 अक्टूबर को पूरे हो रहे हैं। तब कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 12.55 बजे सीएम यादव के मोहली हेलीपैड पहुंचेंगे और वहां से सड़क मार्ग से नौरादेही जाएंगे।

देवड़ा ने जूस पिलाकर तुड़वाया अनशन, नीलम पार्क में प्रदर्शन जारी

भोपाल। राजधानी के अंबेडकर मैदान में पांच दिन से भूख हड़ताल कर रहे शिक्षक परशुराम कुशवाहा और भरत भार्गव ने मंगलवार को अनशन समाप्त कर दिया। उपनुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने दोनों को अपने बंगले पर बुलाया और जूस पिलाकर अनशन तुड़वाया। शिक्षकों के अनुसार, देवड़ा ने उनकी मांगों को 15 अक्टूबर तक मुख्यमंत्री के सामने रखने और समाधान का प्रयास करने का आश्वासन दिया है। इसके बाद अंबेडकर मैदान का आंदोलन फिलहाल 15 अक्टूबर तक स्थगित कर

सीएम यूथ कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री ने युवाओं के लिए की कई घोषणाएं

, 5 करोड़ का आइडिया फंड और सभी जिलों में नि:शुल्क कोचिंग का ऐलान



डीआर संवाददाता॥ भोपाल

राजधानी के लाल परेड ग्राउंड में मंगलवार को आयोजित सीएम युथ कॉन्क्लेव-2026 में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने युवाओं के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। कार्यक्रम में 20 हजार से अधिक युवा शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2027 को प्रदेश में युवा वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। इसके तहत युवाओं के शिक्षर, सुझाव और नवाचारों को आगे बढ़ाने के लिए विशेष पहल की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की वर्ष में एक के बजाय दो परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। साथ ही प्रदेश के सभी जिलों के शासकीय महाविद्यालयों में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की जाएगी। कॉलेजों में विद्यार्थियों को रोजगार से जोड़ने और सेक्टर भरोसगेट के लिए विशेष एजेंसी नियोजित की जाएगी।

12 मेडिकल कॉलेज और 12 विश्वविद्यालय खोलने की योजना

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में एक वर्ष के भीतर 12 नए मेडिकल कॉलेज और रोजगारपरक पाठ्यक्रमों पर केंद्रित 12 नए विश्वविद्यालय शुरू किए जाएंगे। प्रदेश के एक लाख युवाओं को कौशल उन्नयन योजना से जोड़ा जाएगा। सभी सरकारी कॉलेजों में आधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एडवांस कम्प्यूटिंग लैब स्थापित करने की भी घोषणा की गई।

युवाओं के स्टार्टअप और नए विचारों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य स्तर पर 5 करोड़ रुपए का आइडिया फंड बनाया जाएगा। शोध को बढ़ावा देने के लिए कॉलेजों को मिलने वाली राशि 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार रुपए करने की घोषणा की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना की 500 नई इकाइयां भी बनाई जाएंगी।

कामकाजी महिलाओं के लिए हर संभाग में हॉस्टल

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक संभाग में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल बनाए जाएंगे। रनातकोत्तर छात्राओं को गांव की बेटी और अतिथि किरण योजना में शामिल किया जाएगा। युवा वर्ष 2027 के लिए एक पोर्टल शुरू किया जाएगा, जहां युवा अपने विचार और सुझाव साझा कर सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने युवाओं के बीच पहुंचकर उनसे संवाद किया और उनके सवालों व आकांक्षाओं पर चर्चा की। उन्होंने रोबोट से हाथ मिलाया और उसके साथ वीक भी की। मुख्यमंत्री ने गायक जुबिन नौटियाल के साथ छात्रों पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिवादन किया। कॉन्क्लेव में जुबिन नौटियाल और क्वीर कैफे की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने युवाओं का उत्साह बढ़ाया।



सीईसी के विरोध में राहुल गांधी समेत नेता हिरासत में

रात में पुलिस ने बसों से ले जाकर करीब दो घंटे बाद छोड़ा



डीआर संवाददाता॥ नई दिल्ली।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के विरोध में कांग्रेसनेता को दिल्ली बॉर्डर के नेताओं ने मार्च और प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा समेत दिल्ली दर्जनों के नेता आक्रामकारी चलन के पास परगद के पेड़ के नीचे करीब आठ घंटे तक धरने पर बैठे। राहुल गांधी निर्वाचन आयोग से मिलने की मांग पर अड़े रहे।

रात करीब 8 बजे दिल्ली पुलिस ने राहुल गांधी समेत अन्य नेताओं और सांसदों को हिरासत में लिया। करीब 250 लोगों को बसों से बिग्रेडे कैंप पुलिस लाइन ले जाया गया। लगभग दो घंटे बाद सभी को छोड़ दिया गया। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कार्रवाई को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हमारा हिसाब होगा।

भाजपा ने विपक्ष पर साधा निशाना

भाजपा ने प्रदर्शन को लेकर विपक्ष पर हमला बोला। पार्टी ने आरोप लगाया कि विपक्ष संस्थाओं की छवि खराब करने के लिए बेबुनियाद आरोप लगा रहा है। केंद्रीय मंत्री किरनजय सिंह भोहान ने भी विपक्ष के आरोपों पर सवाल उठाए।

निर्वाचन आयोग के प्रस्ताव पर उठाए सवाल

निर्वाचन आयोग ने कहा कि शाम 4 बजे तक किसी राजनीतिक दल ने मिलने का समय नहीं मांगा था। बाद में पुलिस के माध्यम से जानकारी मिली कि राहुल गांधी के नेतृत्व में सांसद ज्ञापन देना चाहते हैं। आयोग के अनुसार उक्त सांसदों के साथ बैठक का प्रस्ताव असामान्य था। आयोग ने वरिष्ठ अधिकारी को ज्ञापन सौंपने का निर्देश दिया, जिसे सांसदों ने

टायर फटने के बाद बस में लगी आग, 12 यात्रियों ने कूदकर बचाई जान,उज्जैन से इंदौर जा रही बस में रामवास के पास हादसा

डीआर संवाददाता॥ उज्जैन।

उज्जैन। शहर से करीब 15 किलोमीटर दूर रामवास क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक बड़ा हादसा टल गया। उज्जैन से इंदौर जा रही यात्री बस का अचानक टायर फट गया। इससे बस अनियंत्रित हो गई और कुछ ही देर में उसमें आग फैल गई।

हादसे के समय बस में करीब 12 यात्री सवार थे। बस से अचानक धुआं उठने के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। स्थिति को भांपते हुए



यात्रियों ने समय रहते बस से बाहर निकलने का प्रयास किया और कूदकर अपनी जान बचाई।

घटना के बाद बस में लगी आग तेजी से फैल गई। सूचना मिलने पर संबंधित थाना नीलेश पर पहुंचा और आग बुझाने की कार्रवाई की गई। हालांकि, समय लिखे जाने तक थाना में किसी यात्री के घायल या हताहत होने की सूचना नहीं है।

करीब 45 मिनट बाद मौके पर पहुंची मदद के बाद आग पर काबू पाने की कार्रवाई की गई। हादसे के कारण कुछ समय के लिए क्षेत्र में यातायत प्रभावित रहा। घटना के बाद बस में लगी आग तेजी से फैल गई। सूचना मिलने पर संबंधित थाना मौके पर पहुंचा और आग बुझाने की कार्रवाई की गई। हालांकि, समय लिखे जाने तक थाना में किसी यात्री के घायल या हताहत होने की सूचना नहीं है।

अहंकार छोड़कर वंचितों को शिक्षा और रोजगार से सक्षम बनाएं,मोहन भागवत

डीआर संवाददाता॥ बालाघाट।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने मंगलवार को बालाघाट के आदिवासी अंचल से समाज सेवा से जुड़े लोगों को अहंकार से बचने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सेवा करते समय यह भाव नहीं होना चाहिए कि हम समाज सुधार रहे हैं या असंस्कृत लोगों में संस्कार देने कर रहे हैं।

भागवत ने कहा कि लंबे समय से गरीबी और अभाव झेल रहे वंचित वर्ग के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर सशक्त बनाने की जरूरत है। उनके अनुसार जब लोग सक्षम होंगे तो वे अपने जीवन से जुड़ी अन्य समस्याओं का समाधान स्वयं करने में आगे बढ़ेंगे।

भाऊराव देवरस का प्रसंग सुनाया

संघ प्रमुख ने भाऊराव देवरस से जुड़ा एक प्रसंग भी सुनाया। उन्होंने बताया कि उपनिवेशन के दौर में एक गांव के अशिक्षित बुजुर्ग मुखिया ने गाऊंवाले से कहा था कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने अपना धर्म बचाए रखा है। उनकी जरूरत बच्चों की शिक्षा और मलेरिया की दवा है, इसलिए उनकी समस्याओं दूर करने में मदद की जाए।

भागवत ने कहा कि सेवा का उद्देश्य लोगों को आत्मनिर्भर और सक्षम बनाना होना चाहिए। यह उन दिनों में दूसरी बार है, जब उन्होंने सार्वजनिक कार्यक्रम में अहंकार से बचने की बात कही है।

भाजपा विधायक कालू सिंह को कारण बताओ नोटिस, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने तीन दिन में मांगा जवाब

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

बालाघाट नगर में विजय वर्ष दल होने और नागरिक सुविधाओं की बदहाल स्थिति को लेकर अपनी ही सरकार के खिलाफ मुख्य प्रशासन की चेतावनी देना धारपुरी से भाजपा विधायक कालू सिंह ठाकुर को भारी पड़ गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने विधायक को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा है।

विधायक कालू सिंह ने बालाघाट नगर परिषद की मुख्य नगर पालिका अधिकारी मागा गंजतोई पर जनहित से जुड़े मुद्दों पर सुनवाई नहीं करने का आरोप लगाया था। उन्होंने रामवासों का निराकरण नहीं होने पर 9 अक्टूबर से कीटीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर के घर स्थित निवास के बाहर धूप हड़ताल करने का ऐलान किया था। सारी ने विधायक के इस कदम को अनुशासन के विपरीत माना है। इसी के चलते प्रदेश अध्यक्ष की ओर से नोटिस जारी किया गया। विधायक ने नगर में काम नहीं होने को लेकर शासकीय जताते हुए आंदोलन की चेतावनी दी थी। सामले में धार कलेक्टर राजीव रंजन मीना ने 5 अक्टूबर को धामनोद नगर परिषद की सीएमओ, सीसीओ टीकेदार और पार्षदों की बैठक भी बुलाई थी।

भोपाल में दिन का पारा सामान्य से 3 डिग्री ज्यादा48 घंटे में दो बार तापमान 36 डिग्री के पार, रात-दिन के तापमान में 17 डिग्री का अंतर

डीआर संवाददाता॥ भोपाल।

मानसून की विदाई के बाद राजधानी में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। सुबह और रात के समय हल्की ठंडक महसूस हो रही है, जबकि दोपहर में तेज धूप के कारण गर्मी का असर बना हुआ है। पिछले 48 घंटे में दो बार दिन का तापमान 36 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है। दिन और रात के तापमान में करीब 17 डिग्री का अंतर दर्ज किया जा रहा है।

मौसम विशेषज्ञ एक सुलझा के अनुसार मानसून के पीछे हटने के बाद वातावरण में नमी और बादलों की मात्रा कम हो गई है। आसमान साफ रहने से सूर्य की किरणें सीधे धरातल तक पहुंच रही हैं, जिससे दोपहर में तापमान बढ़ रहा है। वहीं रात में बादल नहीं होने के कारण गरमाहट की गर्मी तेजी से बाहर निकलती है और तापमान में गिरावट आती है।

साफ आसमान से बढ़ रही दोपहर की गर्मी

मौसम विज्ञान में इस स्थिति को क्लियर स्काई इफेक्ट कहा जाता है। मानसून के दौरान बादल और नमी सूर्य की किरणों को कुछ हद तक रोकते हैं, जबकि मानसून के बाद साफ आसमान में इसका असर अधिक दिखाई देता है।

भोपाल में अगले कुछ दिनों तक आसमान साफ रहने का अनुमान है। इससे दिन में गर्मी और सुबह-रात में ठंडक का असर जारी रहने की संभावना है।

विरोध

शाही कब्रिस्तान में मेट्रो काम पर आधी रात विवाद, विधायक ने रुकवाया निर्माण

मेट्रो प्रबंधन ने दिया आश्वासन- कब्रों को नुकसान नहीं होगा, खाली हिस्से में ही होगा काम

डीआर संवाददाता॥ भोपाल।

भोपाल मेट्रो के ऑरेंज लाइन फेज-2 के निर्माण को लेकर सोमवार देर रात शाही कब्रिस्तान में विवाद की स्थिति बन गई। भोपाल टॉकीज के पास स्थित ऐतिहासिक शाही कब्रिस्तान में रात के समय मेट्रो की टीम बैरिकेडिंग और मशीनरी लेकर पहुंची। इसकी जानकारी मिलने पर भोपाल उत्तर से विधायक आतिफ अकील मौके पर पहुंचे और काम रुकवा दिया। विरोध के बाद मशीनरी को परिसर से बाहर कर दिया गया।

विधायक ने मेट्रो अधिकारियों से कहा कि मामला वक्फ अधिकरण में विचाराधीन है। ऐसे में रात के समय निर्माण कार्य शुरू करने का प्रयास



उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि कब्रिस्तान में पूर्वजों सम्मत समाज के लोगों की पुरानी कब्रें हैं, इसलिए संवेदनशील मेट्रो का काम इस हिस्से में सावधानी से किया जाना चाहिए।

कलेक्टर कार्यालय में हुई बैठक

मामले को लेकर मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की बैठक हुई। इसमें मेट्रो प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि किसी भी कब्र को नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा। तकनीकी कारणों से मेट्रो का निर्धारित अलाइनमेंट बदलना संभव नहीं है, इसलिए कब्रिस्तान के केवल खाली हिस्से में निर्माण किया जाएगा।

निर्माण के दौरान कब्रिस्तान और कब्रों की सुरक्षा के लिए विशेष बैरिकेडिंग के साथ मजबूत टीन शेड लगाए जाएंगे। मेट्रो प्रबंधन ने यह भी लिखित आश्वासन दिया कि रिटेनिंग वाल्स और टीबीएम से खुदाई काम पूरा होने के बाद जमीन को पूर्व स्थिति में लाकर सौंपा जाएगा।

सुभाष नगर से करौंद तक है फेज-2

मेट्रो प्रबंधन के अनुसार नादरा बस स्टैंड से टीवीएम लॉन्च करने से पहले कब्रिस्तान क्षेत्र में रिटेनिंग वाल्स बनाना जरूरी है। अधिकारियों ने कहा कि अन्य शहरों में ऐतिहासिक और ऐतिहासिक स्थलों को सुरक्षित रखते हुए मेट्रो टनल बनाई गई है, उसी तरह यहां भी सुरक्षा का ध्यान रखा जाएगा।

ऑरेंज लाइन फेज-2 का कटे सुभाष नगर से करौंद तक 16.74 किलोमीटर लंबा है। इसमें 5.36 किलोमीटर हिस्सा एलिवेटेड होगा और इस मार्ग पर छह स्टेशन प्रस्तावित हैं।

वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के समापन पर मुख्यमंत्री करेंगे

डीआर संवाददाता॥ भोपाल



वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के समापन अवसर पर मध्यप्रदेश में वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कुमवार 7 अक्टूबर को दीनदयाल दुर्गावती टाइगर रिजर्व में चूनी से लेकर गए दो चीतों को खुले वन क्षेत्र में विमुक्त करेंगे।

चीतों के आने के बाद दुर्गावती टाइगर रिजर्व मध्यप्रदेश में इन वन्यजीवों का तीसरा आवास बन जाएगा। इससे पहले कूनो राष्ट्रीय उद्यान और गांधीसागर क्षेत्र में चीतों को बसाया गया है। दुर्गावती टाइगर रिजर्व में चीतों की मौजूदगी से सागर और बुंदेलखंड क्षेत्र में वन्यजीव संरक्षण को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

चीतों की मौजूदगी से क्षेत्र में वन्यजीव पर्यटन को भी बढ़ावा मिलने की संभावना है। वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के समापन पर होने वाला यह कार्यक्रम वन्यजीव संरक्षण और पीव विविधता के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस अवसर पर वन विभाग के अधिकारी और अन्य संबंधित लोग भी मौजूद रहेंगे।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर आश्विनीकृष्ण पक्ष 12-2083 सीहोर, दिन बुधवार, दिनांक 07 अक्टूबर, 2026

न्यूज गैलरी

7 अक्टूबर को सेवा ज्योति यात्रा, विकसित भारत संकल्प सभा

सीहोर। जिले में 7 अक्टूबर को सुबह 9.30 बजे आयोजित सेवा परिवार में सेवा ज्योति यात्रा एवं विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन होगा। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ देशभक्ति गीतों का आयोजन किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से संबोधित करेंगे। सुबह 10.05 बजे प्रधानमंत्री द्वारा विकसित भारत 2047 का सामूहिक संकल्प दिलाया जाएगा। इसके बाद स्थानीय अतिथि सेवा ज्योति प्रज्वलित करेंगे। सुबह 11.05 बजे राष्ट्रगान के बाद सेवा ज्योति यात्राओं को रवाना किया जाएगा। यातायात व्यवस्था के लिए पैदलयात्री यात्रा की पार्किंग महिला पॉलीटेक्निक कॉलेज और आम नागरिकों के वाहनों की पार्किंग प्रधानमंत्री कौशल और एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में निर्धारित की गई है।

बाल विवाह रोकने अधिकारियों को मिलेगा कानून और कार्रवाई का प्रशिक्षण

सीहोर। गणवेशधारी में बाल विवाह की रोकथाम को प्रभावी बनाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों का क्षमतावर्धन किया जा रहा है। यूनिसेफ के सहयोग से 8 अक्टूबर को चौथाल विभाग आरसीपीओ नरेन्द्र प्रजापत एवं प्रभारीय डाक्टरनी में एक दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों, प्रक्रियाओं में प्रभावी कार्रवाई और संबंधित कानूनों के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल हुए।

महादाता सूची में नाम जोड़ने के लिए विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे

सीहोर। निर्देशन आयोग के निर्देशानुसार जिले में 7, 8 और 9 अक्टूबर को सभी मतदान केंद्रों पर महादाता सूची में नाम जोड़ने के लिए विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। इन कैंपों में महादाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे हुए नागरिक तथा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नवीन मतदाता अपना नाम महादाता सूची में जुड़वा सकेंगे।

नेत्र जांच व मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर 11 को

सीहोर। लायंस क्लब सीहोर सिद्धपुर द्वारा सदन नेत्र चिकित्सालय भोपाल के सहयोग से 11 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर निशुल्क नेत्र रोग निदान एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक सेवा सदन आंख जांच केंद्र, वसीम मंजिल, इंगितमपुरा मेन रोड, मालिक के पास, सीहोर में होगा।

तालाब में नहाने उतरे युवक की डूबने से मौत

श्यामपुर। ग्रामीण क्षेत्र में तालाब में नहाने गए देव नारायण यादव की डूबने से मौत हो गई। देव नारायण यादव श्यामपुर निवासी थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वे तालाब के घाट पर कपड़े साबुन लाने के लिए पानी में उतरे थे। इसी दौरान पानी के अंदर गहरा गैर किसी चीज में फंस गया। उसका दम घुटने लगा और वह पानी में डूब गए। घटना की सूचना मिलते ही श्यामपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकलवाया।

सर्च ऑपरेशन अवधपुरी में बाघ के पगमार्क मिले, ड्रोन और दूरबीन से तलाश के बाद भी नहीं मिला सुराग

पानी की टंकी के पास सुबह बाघ दिखने की सूचना, हाउसिंग बोर्ड से पचामा तक वन विभाग ने चलाया सर्च ऑपरेशन

डीआर संवाददाता>सीहोर



शहर के विधायकी इलाकों के आसपास बाघ की लगातार मौजूदगी से लोगों में दहशत बनी हुई है। मंगलवार सुबह अवधपुरी में पानी की टंकी के पास बाघ दिखाई देने की सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। टीम ने ड्रोन और दूरबीन की मदद से हाउसिंग बोर्ड, सीतल विहार, जनसेनिया और पचामा क्षेत्र में कई घंटे तक तलाश की, लेकिन बाघ का पता नहीं चल सका।

जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 5.45 बजे अवधपुरी स्थित पानी की टंकी के पास तैनात चौकीदार रामलाल और एक स्थानीय महिला ने बाघ को देखने की सूचना दी। जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान टंकी के पास गीली मिट्टी में बाघ के पगमार्क मिले। अधिकारियों के अनुसार दो दिन पहले मिले पगमार्कों से काफी मिलते-जुलते हैं। इससे क्षेत्र में उसी वन्यजीव के विचरण करने की संभावना जताई जा रही है।

चार घंटे तक अलग-अलग इलाकों में सर्चिंग

बाघ की तलाश में वन विभाग की टीम ने सुबह से अलग-अलग रवाना पर जाच की। हाउसिंग बोर्ड के पीछे खेतों और आबादास के क्षेत्र में तलाश की गई। इसके बाद सीतल विहार कॉलोनी के पीछे झाड़ियों में ड्रोन उड़ाकर निगरानी की गई, लेकिन बाघ दिखाई नहीं दिया।

दोपहर करीब 3 बजे टीम ने जनसेनिया तालाब के आसपास अपने पैरों और झाड़ियों में ड्रोन और दूरबीन से सर्चिंग की। इसके बाद शाम करीब 4 बजे पचामा क्षेत्र में भी बाघ के संभावित मूवमेंट की तलाश की गई। हालांकि किसी स्थान पर बाघ की मौजूदगी की पुष्टि नहीं हो सकी।

रात्रि ऑपरेशन के दौरान एसडीओपी कृतिका जायसवाल, डिप्टी रेंजर विजय कवारिया, माया दोहरे, तिलक राम, रविंद्र भीयाराव, आलोक सोनी और जगदीश वर्मा सहित वन विभाग की टीम मौजूद रही।

खेत में पगचिह्न और बैठने के निशान मिलने की बात

स्थानीय लोगों के अनुसार अवधपुरी के आसपास खेतों में भी बाघ के पगचिह्न और उसके बैठने के निशान मिले हैं। इसके बाद वन विभाग ने आसपास के खेतों और झाड़ियों में निगरानी बढ़ा दी है। टीम बाघ की लोकेशन का पता लगाकर उसे सुरक्षित तरीके से जंगल की ओर ले जाने के प्रयास में जुटी है।

वन विभाग ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। लोगों को सुबह-शाम अकेले बाहर निकलने से बचने, बच्चों को अकेले खेतों और सुनसान इलाकों की ओर नहीं भेजने तथा बाघ दिखाई देने पर तत्काल वन विभाग को सूचना देने की सलाह दी गई है।

कई दिनों से अलग-अलग क्षेत्रों में मूवमेंट

सीहोर शहर और आसपास के इलाकों में पिछले कई दिनों से बाघ की मौजूदगी की सूचनाएं सामने आ रही हैं। शुक्रवार को गत जाते हनुमान मंदिर के आगे बाघ दिखाई देने की बात सामने आई थी। इसके बाद से पास पगमार्क मिलने के बाद आसपास के गांवों में मुनादी कराई गई। इसके बाद ट्रेंचिंग नाका और अन्य क्षेत्रों में भी बाघ के दिखाई देने की सूचनाएं मिलीं।

शहर के आसपास जंगल से लगे इलाकों में वन्यजीवों की आवाजाही को देखते हुए वन विभाग ने गश्त और सर्चिंग बढ़ा दी है। अधिकारियों का कहना है कि विधायकी क्षेत्र जंगलों से लगे होने के कारण वन्यजीव कई बार भोजन या अन्य कारणों से आबादी के नजदीक पहुंच जाते हैं।



खेत में खेलते समय रतनजोत के बीज खाए, छह बच्चे बीमार

डीआर संवाददाता>श्यामपुर

जिले के मुख्यालय नगर गांव में खेत में खेल रहे छह बच्चे रतनजोत के बीज खाने के बाद बीमार हो गए। घटना उस समय हुई, जब खेतों में सोयाबीन की कटाई का काम चल रहा था। बच्चे खेत के आसपास खेल रहे थे। इसी दौरान उन्होंने रतनजोत के पत्ते से गिरते बीज खा लिए। कुछ देर बाद बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी।

परिजनों के अनुसार, बीज खाने के बाद बच्चों को परेशानी हुई और उनकी हालत बिगड़ गई। कुछ बच्चे बेहोशी की स्थिति में भी पहुंच गए। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन उन्हें तत्काल स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने बच्चों की प्राथमिक जांच और उपचार किया। हालत को देखते हुए सभी छह बच्चों को आगे के उपचार के लिए सीहोर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जिला अस्पताल में उपचार जारी

सभी बच्चों को सीहोर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार चल रहा है। अस्पताल में बच्चों की जांच के बाद आवश्यक उपचार दिया जा रहा है। चिकित्सकों के अनुसार कुछ बच्चों की हालत स्थिर बताई गई है, जबकि अन्य बच्चों का उपचार जारी है।

घटना के बाद खेतों में काम कर रहे किसानों और ग्रामीणों के बीच भी चिंता का माहौल है। इन दिनों सोयाबीन की कटाई के कारण बड़ी संख्या में किसान खेतों में पहुंच रहे हैं। कई बार बच्चे भी अपने परिजनों के साथ खेतों में चले जाते हैं और आसपास खेलते रहते हैं। ऐसे में खेतों में मौजूद अज्ञात फल, बीज या अन्य वनस्पतियों को बच्चों से दूर रखने की जरूरत है।



जनसुनवाई में 54 आवेदकों ने रखीं समस्याएं

डीआर संवाददाता>सीहोर



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की गई। अपर कलेक्टर सुरेश सोकरिया ने जिलेभर से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कुल 54 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। आवेदनों में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, गैर-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, अतिक्रमण आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता और कुआं खोदे से जुड़े मामले शामिल रहे। अपर कलेक्टर ने अधिकारियों को प्रत्येक आवेदन का परीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला मुख्यालय से साथ जिले के अलावा कार्यालयों से भी जनसुनवाई आयोजित की गई। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर रविंद्र पलसार, डिप्टी कलेक्टर गिरीराज पंचोरिया सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे।

जमीन विवाद सुलझाने पहुंची पुलिस के सामने महिला ने लहराया दराता

डीआर संवाददाता>सीहोर

सीहोर। रोला गांव में जमीन पर कब्जे और जुताई को लेकर चल रहा विवाद सोमवार शाम उस समय बढ़ गया, जब गीली थाना पुलिस के सामने एक महिला दराता लेकर खड़ी हो गई। वहीं दूसरी महिला ट्रैक्टर पर चढ़ गई और सरकारी आदेश के बावजूद खेत की जुताई नहीं करने देने की बात कहती रही। खेत में काफी देर तक विवाद और तनाव की स्थिति बनी रही। हालांकि घटना के दौरान किसी तरह की हिंसा होने की सूचना नहीं है।

बताया गया कि ट्रैक्टर चालक बंसीलाल और खेत मालिक भगवत मेवाड़ा जमीन पर जुताई करने पहुंचे थे। इसी दौरान वहां मौजूद कुछ लोगों ने उनके साथ गाली और पत्थरों से मारपीट किए जाने का आरोप है। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने पुलिस अधिकारियों से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। 2018 में जमीन खरीदने का दावा

भगवत मेवाड़ा ने बताया कि उन्होंने संबंधित जमीन वर्ष 2018 में खरीदी, नामांतरण सिंह और तालाबंदी से खरीदी थी। जमीन को लेकर विवाद के बाद मामला तहसीलदार न्यायालय तक पहुंचा, जहां से खेत में जुताई किए जाने का आदेश जारी होने की बात कही गई है। भगवत का आरोप है कि आदेश के पालन के लिए जुताई करने पहुंचे तो सुनीता, प्रतीक सहित अन्य लोगों ने विरोध करते हुए उनके साथ विवाद किया।

भगवत ने कहा कि ट्रैक्टर चालक और मालक का विवाद से कोई सीधा संबंध नहीं था, इसके बावजूद उन्हें मारपीट करते हुए धमकी दी गई। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों और घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है।

कलेक्टर ने कन्या महाविद्यालय की व्यवस्थाओं की समीक्षा की

डीआर संवाददाता>सीहोर



कलेक्टर बालमुरुगन के. वी. अध्यक्षता में शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर की विद्या समिति, प्रबंध समिति और सामान्य परिषद की बैठक आयोजित हुई। बैठक में महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, छात्रवासों और वित्तीय कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने आय-व्यय की जानकारी लेते हुए उपलब्ध बजट का नियमानुसार और बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने छात्राओं की नियमित उपस्थिति पर विशेष ध्यान देने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण देने के साथ उनकी प्रतिभा और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जाएं।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याएं और आवश्यकताएं जानीं। उन्होंने संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए प्राचार्य को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही छात्राओं की सुविधाओं और शिक्षा संबंधी जरूरतों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। कलेक्टर ने महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता से श्रमदान एवं सामुदायिक गतिविधियां आयोजित करने का आह्वान किया।

प्राचार्य डॉ. कल्पना डोलस ने महाविद्यालय की गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक में समिति सदस्य और पूर्व छात्र भी उपस्थित रहे।

सूने मकान में चोरी का प्रयासलोहे के सरिए से तोड़े ताले, मेन गेटनहीं खुला तो खाली हाथ लौटे

डीआर संवाददाता>सीहोर

शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र की चाणक्यपुरी कॉलोनी में सोमवार रात चोरों ने एक सूने मकान में चोरी का प्रयास किया। चोरों ने लोहे के सरिए की मदद से मकान के कुछ ताले तोड़ दिए, लेकिन मेन गेट का ताला नहीं टूट सका। इसके बाद वे बिना वारदात किए मौके से भाग गए।

जानकारी के अनुसार छिंदवाड़ा निवासी अंकुर देशमुख शहर के पास औद्योगिक क्षेत्र की एक निजी कंपनी में काम करते हैं। वे अपनी पत्नी अंजलि के साथ इन दिनों भुजगांव गए हुए हैं। मकान मालिक भी शहर से बाहर हैं, जिसके कारण मकान बंद था। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने सोमवार रात मकान के ताले तोड़ने का प्रयास किया।

मंगलवार सुबह पड़ोसियों ने मकान के टूटे हुए ताले देखे और अंकुर को फोन कर घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की।

फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि चोर मकान के अंदर प्रवेश कर पाए थे या नहीं। घर से कोई सामान चोरी हुआ है या नहीं, इसकी जानकारी भी मकान मालिक के लौटने के बाद ही मिल सकेगी। पुलिस ने आसपास की जांच शुरू कर दी है।

स्वास्थ्य शिविर सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित शिविर में विशेषज्ञों ने की जांच, नागरिकों को दिया आवश्यक परामर्श

नगर पालिका में नेत्र शिविर, 300 से अधिक लोगों की जांच, 14 को मिले चश्मे

डीआर संवाददाता>सीहोर



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद ने नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नगर के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे और अपनी आंखों की जांच कराई। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 300 से अधिक लोगों की नेत्र जांच की। जांच के बाद आवश्यकता पाए जाने पर 14 हितग्राहियों को चश्मों का वितरण किया गया।

शिविर के दौरान चिकित्सकों ने नागरिकों की आंखों की जांच करने के साथ ही उन्हें नेत्रों की देखभाल और संक्रमित समस्याओं को लेकर आवश्यक परामर्श दिया। आयोजन का उद्देश्य नागरिकों को उनके आसपास ही स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और नेत्र संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान के प्रति जागरूक करना रहा।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस सतीर ने कहा कि नगर पालिका की जिम्मेदारी केवल शहर के विकास और निर्माण कार्यों तक सीमित नहीं है। नागरिकों के स्वास्थ्य और कल्याण से जुड़े कार्य भी प्राथमिकता के साथ किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रयास है कि जरूरतमंद और आम नागरिकों को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो सकें।

उन्होंने कहा कि सेवा के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना नगर पालिका का संकल्प है। इसी उद्देश्य से समय-समय पर जनहित में स्वास्थ्य शिविर और अन्य सेवा गतिविधियां आयोजित की जाती रहेंगी। उन्होंने कहा कि शिविर में 300 से अधिक नागरिकों की जांच और 14 जरूरतमंद लोगों को चश्मे उपलब्ध कराना इसकी उपयोगिता को दर्शाता है।

अध्यक्ष ने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही मजबूत और विकसित शहर की नींव होते हैं। कार्यक्रम में पार्षद विजेंद्र परमार, संतोष शाक्य, कम्लेश सतीर, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। शिविर में लाभ लेने पहुंचे नागरिकों ने नेत्र जांच और चश्मा वितरण की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए नगर पालिका परिषद का आभार जताया।

बाइक को टक्कर मारने वाला संदिग्ध हिरासत में

सीहोर। पुराने हाईवे पर रविवार देर रात बाइक को कार से टक्कर मारने के मामले में पुलिस ने कथित कार चालक औदीप को हिरासत में लिया है। पुलिस सूत्रों को उसी न्यायालय में पेश कर रिमांड की मांग करेगी।

जानकारी के अनुसार गणेश विसर्जन एक ढाबे पर खाना खा करने को लेकर कुछ युवकों का विवाद हुआ था। इसके बाद बाइक से जा रहे निलेश और कपिल सतीर को पीछा में बैठे औप इंडिया के पास कार से टक्कर मार दी। हादसे में निलेश घायल हो गया, जबकि कपिल सतीर के सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर मौत हो गई।

घायल निलेश ने सोमवार को बेरसाली चौराहा पर सूचनाएं दर्ज कराया था। पुलिस ने मौके से कार की नंबर प्लेट मिलने की बात भी सामने आई है। टीआई निलेश दुबे के अनुसार ओमदीप से पूछताछ की जा रही है और उसके बयानों की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर आश्विनीकृष्ण पक्ष 12-2083 सीहोर, दिन बुधवार, दिनांक 07 अक्टुबर 2026

न्यूज गैलरी

सीहोर में आज जुटेंगे आष्टा विधानसभा के कार्यकर्ता

आष्टा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सेवाकाल की गौरवशाली यात्रा के उपलक्ष्य में 7 अक्टूबर को सीहोर के आवासीय पीजी कॉलेज पर होने वाली सेवा जयंती कलश यात्रा एवं विकसित भारत संकल्प सभा को लेकर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने वर्चुअल आष्टा बैठक ली। इसमें विधानसभा के आठों मंडल अध्यक्षों, प्रभारियों और अग्रिम कार्यकर्ताओं से चर्चा कर सीहोर पहुंचने वाले कार्यकर्ताओं का लक्ष्य तय किया गया। सभा सुबह 9 बजे आयोजित होगी, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल संबोधित करेंगे।

नशा व्यक्ति नहीं, पूरा परिवार उजाड़ देता है

सिलावद। सेवा संकल्प अभियान, नशामुक्त भारत जागरूकता एवं समाधान सिविल सप्ताह के तहत मंगलवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिलावद में जागरूकता रैली और कार्यक्रम आयोजित किया गया। 350 से अधिक छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों ने भी सहभागिता की। विद्यार्थियों ने हाथों से दी गई जरूरी सहित अन्य रसीदन लिखी तख्तियां लेकर गांव के मुख्य मार्गों से रैली निकाली। रैली बाजार चौक पहुंची, जहां शिक्षक हेमंत कुमार शर्मा एवं कमल कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में छात्राओं अंजिका, आयशि महावीय और कनक वर्मा ने नुक्कड़ नाटक एवं गीत प्रस्तुत किए। नुक्कड़ नाटक के जरिए छात्राओं ने बताया कि नशे की लत व्यक्ति के साथ पूरे परिवार को बर्बादी की ओर ले जाती है। सभा 9वीं की छात्रा पलक एवं कक्षा 10वीं की छात्रा भावनीय ने भी नशे से दुष्प्रभावों पर विचार रखे। सांख्यिकी न्याय विभाग की क्षेत्रीय समन्वयक मोहिता मंडवरी ने छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों को मोबाइल के माध्यम से डिजिटल ई-शपथ दिलाई।

कृषि उपज मंडी में 21300 क्विंटल रही आवक

आष्टा। कृषि उपज मंडी में मंगलवार को कुल 21,300 क्विंटल कृषि उपज की आवक रही। गेहूं सुजाता 3790 से 8420 रुपए प्रति क्विंटल, लोकमान 2760 से 3040, पूर्ण 2700 से 3249, मालवराज 2995 से 3525 और गेहूं सिंह 25515 से 2680 रुपए प्रति क्विंटल नीलाम हुआ। चना काटा 5800 से 6170 रुपए, मौसमी 5670 से 7170 रुपए, सफेद 8401 से 9465 रुपए और कंटाबू 5570 से 7260 रुपए प्रति क्विंटल रहा। सोयाबीन पीला 3351 से 6540 रुपए, मंथुर 5901 से 7310 रुपए और मक्का 1451 से 2300 रुपए प्रति क्विंटल नीलाम हुआ। फल-सब्जी मंडी में 723 क्विंटल आवक रही। प्याज 600 से 3860 रुपए और लहसुन 2080 से 14220 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका।

विजयादशमी उत्सव समिति ने दिया आमंत्रण

आष्टा। विजयादशमी उत्सव समिति के अध्यक्ष मोहित सोनी अपनी टीम के साथ प्रभु प्रेमी संघ के संयोजक एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार के कन्धेड़ रोड स्थित कार्यालय पहुंचे। यहां परमार और उनके सिपहसालार ने समिति अध्यक्ष मोहित सोनी सहित पूरी टीम का मनवा पुष्पा पहनाकर स्वागत किया। इसके पश्चात अध्यक्ष ने मोहित सोनी को कैलाश परमार का पुष्पा पहनाकर सम्मान किया। इसके बाद समिति अध्यक्ष ने आगामी विजयादशमी आयोजन का आमंत्रण पत्र परमार को भेंट किया।

सम्मेलन बस स्टैंड के जर्जर यात्री प्रतीक्षालय व दुकानों का होगा पुनर्निर्माण, पार्वती-पपनास नदी के घाट और सौंदर्यीकरण कार्यों पर भी चर्चा

आष्टा के कायाकल्प की राह, सड़क, नाला और पेयजल कार्यों समेत 31 प्रस्तावों पर फैसला

प्रीआर संवाददाता-आष्टा।



नगर पालिका परिषद के मंगलवार को आयोजित साधारण सम्मेलन में नगर विकास से जुड़े 31 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर निर्णय लिया गया। नगराध्यक्ष हेमन्द्रपुर रावसिंह मेवाड़ा की अध्यक्षता में हुई बैठक में सड़क, नाला, पेयजल, स्वच्छता, सार्वजनिक सुविधाओं और सौंदर्यीकरण से जुड़े कार्यों पर विस्तार से चर्चा हुई।

गुरुवाणी की घोषणा के अंतर्गत भोपाल नाका से कन्धेड़ रोड तक नगर सीमा में सड़क और नाला पोडीकरण के कार्य पर निर्णय लिया गया। यही दूदीर नाका से भोपाल नाका तक नाला निर्माण की न्यूनतम दरों को स्वीकृति दी गई। नागरिकों की सुविधा के लिए सार्वजनिक शौचालय भवन निर्माण के प्रस्ताव पर भी सहमति बनी।

किलेदार भाट से भोपाल नाका अस्पताल तक की पुरानी और जर्जर पक्षपुलाइन को बदलने का निर्णय लिया गया।

पार्वती-पपनास नदी पर होगा सौंदर्यीकरण

नमामि गंगे योजना के तहत पार्वती नदी के सौंदर्यीकरण तथा गायरी-पपनास नदी के संगम स्थान पर घाट निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्य की पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति पर विचार किया गया। पार्वती नदी के आठ-स्टॉप और ढाउन-स्टॉप कार्यों की न्यूनतम दर तथा स्थल की आवश्यकता के अनुसार कार्यादेश पर भी चर्चा हुई।

पपनास नदी से भोपाल नाका तक सीवरी रोड और किलेदारना से भोपाल नाका तक आरसीसी नाला निर्माण की पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति इसके साथ स्ट्रीटलिट मेन फीडर मेन और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन के प्रतिस्थापन का कार्य भी प्रस्तावित है।

बस स्टैंड और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का होगा निर्माण

बस स्टैंड परिसर में जर्जर यात्री प्रतीक्षालय सह दुकानों का दोबारा निर्माण कराया जाएगा। नए बस स्टैंड में कॉमर्शियल कार्ड के साथ वार्ड क्रमांक 14 में कम्पोट रोड स्थित आवासगृह के पास सार्वसुविधायुक्त शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण की न्यूनतम दरों को परिषद ने अनुमोदित किया।

स्वच्छता और पर्यावरण पर जोर

स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर में कचरा प्रबंधन व्यवस्था को प्रभावी बनाने पर चर्चा हुई। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण और ट्रेंचिंग ग्राउंड स्थित एमआरएफ सेंटर तक कचरा परिवहन के लिए नई एजेंसी के चयन को लेकर निविदा प्रक्रिया पर विचार किया गया। खाली निजी और शासकीय भूमियों में जल करने के विकल्प कार्यादेश का प्रस्ताव भी स्वीकृत किया गया।

वार्ड क्रमांक 15 इंदिरा कॉलोनी की मुख्य सड़क पर स्थित खाटिया का नाम प्रेमनारायण घाटिया रखने पर सहमति बनी। महाराणा प्रताप चौक के विकास और सौंदर्यीकरण तथा वार्ड क्रमांक 11 में पशु चिकित्सालय के पीछे मीट मार्केट को व्यवस्थित रूप से स्थानांतरित करने पर भी चर्चा हुई।

अन्य निर्माण कार्यों पर भी सहमति

रेस्ट हाउस के पास सार्वसुविधायुक्त कॉम्प्लेक्स निर्माण की पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति तथा विभिन्न वार्डों में क्षतिग्रस्त और नई सड़क-नाली निर्माण के प्रस्तावों पर सहमति बनी।

बैठक की शुरुआत में नगरनियुक्त एल्डरमेन डॉ. पंचा बोहरा, शिवलाल प्रजापति, अनवीरा पिपलोदिया, राजीव मालवीय, दीप नारायण भूतिया और अलकनंदा सोनी का स्वागत किया गया। बैठक में नगर उपाध्यक्ष सिद्दीक भूरा खां, सीएमओ विनोद कुमार प्रजापति, पार्षद और नगर अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से वनकर्मी की मौत, बाइक 200 फीट तक घिसटी

प्रीआर संवाददाता- कन्धेड़।



सिद्दीकगंज थाना क्षेत्र के खानखेड़ी गांव में रविवार देर रात आष्टा-कन्धेड़ रोड पर शनि मंदिर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से स्थायी वनकर्मी दलपत सिंह डावर की मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि उनकी बाइक टक्कर मारने वाले वाहन में फंसकर करीब 200 फीट तक सड़क पर घिसटती चली गई। दुर्घटना के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

मृतक के पुत्र हेमेंद्र डावर के अनुसार उनके पिता की खानखेड़ी हल चौकी पर नाकाबंदी थी। रविवार रात करीब 1 से 1.30 बजे के बीच जरूरत रात से सामान की तकड़ी से जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद दलपत सिंह बाइक से उसी सड़क-जावर की ओर रवाना हुए। इसी दौरान शनि मंदिर के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

टक्कर के बाद बाइक वाहन में फंस गई और करीब 200 फीट तक घिसटती रही। दलपत सिंह मंदिर रात से घायल हो गए। सूचना पर डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और उन्हें सिविल अस्पताल आष्टा ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

सिद्दीकगंज थाना प्रभारी सुरज परिहार ने बताया कि पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। अज्ञात वाहन की पहचान और हादसे की परिस्थितियों की जांच की जा रही है।

सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इसके बाद मृत वन खानखेड़ी में अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में पार्षद, परिजन और वन विभाग के कर्मचारी शामिल हुए। वन विभाग की ओर से मृतक के पुत्र को आर्थिक सहायता भी दी गई।

आरएसआई इंटर स्कूल क्रिकेट में भैरुंदा और सेंट मेरी की शानदार जीत

प्रीआर संवाददाता-सीहोर।

शहर के चौहान नगर स्थित आवासीय खेलकूद परिसर में मंगलवार से आरएसआई के तत्वावधान में इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। पहले दिन दो मुकाबले खेले गए। जिसमें भैरुंदा और सेंट मेरी स्कूल ने जीत दर्ज की। प्रतियोगिता के दौरान बोरद और परिषद खिलाड़ियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मुकाबले में आईडियल वेल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 36 ओवर में 107 रन बनाए। कैप्टन ने 43, अंतिम बल्लेबाज ने 38 और सलीम ने 12 रन बनाए। भैरुंदा की ओर से अभिमन्यु मीना ने तीन, राजवीर ने दो तथा अमीलाल, दीपक प्रजापति और दीपक शर्मा ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए भैरुंदा ने 13.5 ओवर में तीन विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। दीपक शर्मा ने 38, विपुल ने 30 और सचिन ने 20 रन बनाए। दूसरे मैच में सेंट मेरी ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 180 रन बनाए। आयुष ने 80 रन की शानदार पारी खेली। जवाब में नवीन सिंह यादवी की टीम 87 रन पर सिमट गई। सेंट मेरी की ओर से अंकुश ने पांच विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

आयुक्तालय के नीलिमा प्रभारी शिवांगु दीक्षित ने बताया कि कुमवार को सुबह 8.30 बजे खुद बड़ी और सेट ग्रेनिस तथा दोपहर 12.30 बजे नवीन सिंह यादवी और भैरुंदा के बीच मुकाबला होगा।

जनगणना के द्वितीय चरण का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

प्रीआर संवाददाता- सीहोर।



आगामी जनगणना कार्य को व्यवस्थित और त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले में जनगणना के द्वितीय चरण का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों और प्रगणकों को जनगणना प्रक्रिया, दायित्वों तथा आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान जागरूकता कार्य के विभिन्न चरणों, अधिसूचित क्षेत्रों के सत्यापन, निर्धारित प्रपत्रों में जानकारी दर्ज करने और प्राप्त आंकड़ों की शुद्धता सुनिश्चित करने के बारे में बताया गया। साथ ही कार्य के दौरान आने वाली संभावित कठिनाइयों और उनके निराकरण के तरीकों पर भी मार्गदर्शन दिया गया।

अधिकारियों ने जनगणना कार्य को गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ पूरा करने पर जोर दिया। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। इसका उद्देश्य जनगणना में लगे अमले को दक्ष बनाकर निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करना है। प्रशिक्षण जिला योजना अधिकारी सत्यव लवकेवार, जिला एसडब्ल्यूसी अधिकारी अनिल परमार, नोडल यशस्वी और अनामिका यादव ने दिया।

भागवत कथा में वामन अवतार का वर्णन, राम-कृष्ण जन्म की लीलाओं पर झूमे श्रद्धालु

प्रीआर संवाददाता-सीहोर।



सिला मुख्यालय के समीप ग्राम लसुड़िया पहिहार में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन मंगलवार को भगवान के विभिन्न अवतारों की कथा सुनाई गई। कथा व्यास पंडित पंकज कृष्ण महाराज ने वामन अवतार का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भगवान वामन ने असुरराज बलि से तीन पग भूमि मांगकर उसके अहंकार का नाश किया और उसे भक्ति का मार्ग दिखाया।

कथा व्यास ने कहा कि जब-जब धरती पर अत्याचार, पाप और अधर्म बढ़ता है, तब भगवान धर्म की पुनर्स्थापना के लिए अवतार लेते हैं। उन्होंने भगवान वीरान और श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का भी विस्तार से वर्णन किया। वीरान जन्म की साथ, मथौरा और आदर्श का प्रतीक बताया, जबकि श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग में कांस के अत्याचार और उसके अंत की कथा सुनाई।

कृष्ण जन्मोत्सव के दौरान कथा स्थल पर श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के साथ उत्सव मनाया। भगवान कृष्ण और वासुदेव की झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। महिलाओं और पुरुषों ने नाटोरास्य में नृत्य किया तथा भगवान के बाल स्वरूप की आरती उतारकर मिठाई, फल और फूल वितरित किए। भगवान को माखन-मिश्री का भोग भी लगाया गया।

कथा में ओएसडी एमएल त्यागी, चंद्रप्रकाश त्यागी, सुरेंद्र मेवाड़ा, जितेंद्र तिवारी, नवीन त्यागी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजकों के अनुसार कुबवार को कथा स्थल पर छप्पन भोग लगाया जाएगा।

सीहोर में 4.71 लाख हितग्राहियों को खिलाई ,मिनाशक दवा

प्रीआर संवाददाता-सीहोर।



राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर जिलेभर में अभियान चलाकर 4 लाख 71 हजार 359 हितग्राहियों को कृमिनाशक दवा खिलाई गई। कियाकल्प सुरेश राव ने मंडी सीहोर स्थित शासकीय सांध्यकालीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बच्चों को दवा खिलाकर अभियान की शुरुआत की। राज्य स्तर से वर्चुअल संयुक्त सहायक डॉ. अर्जुना सिंघा ने विलकिसगंज के माईनाथ पब्लिक स्कूल पहुंचकर अभियान की गतिविधियों की जानकारी ली।

सीएमओ डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि जिले में 6 लाख 54 हजार 666 हितग्राही चिन्हांकित किए गए हैं। इनमें से 4 लाख 71 हजार 359 को दवा दी गई। शेष पात्र हितग्राहियों को 9 अक्टूबर को मॉप-अप राउंड में दवा खिलाई जाएगी।

मंडी सीहोर मंडी में 13,323 क्विंटल उपज पहुंची, नरसिंहगढ़ में सोयाबीन की आवक 9,526 क्विंटल

सीहोर में सोयाबीन 5,997 तो नरसिंहगढ़ में लहसुन 23,300 रुपए तक

प्रीआर संवाददाता- सीहोर



जिले और आसपास की कृषि उपज मंडियों में मंगलवार 6 अक्टूबर को ताजीक फसलों की आवक बनी रही। सीहोर मंडी में सोयाबीन की सबसे अधिक आवक दर्ज की गई। यहां 10,995 क्विंटल सोयाबीन की आवक हुई।

इसके भाव न्यूनतम 4,500, अधिकतम 5,997 और मॉडल भाव 5,990 रुपए प्रति क्विंटल रहा। मंडी में सभी प्रमुख कृषि उपज की कुल आवक 13,323 क्विंटल रही।

सीहोर मंडी में प्याज की 2,813 और लहसुन की 1,502 क्विंटल आवक हुई।

लहसुन का अधिकतम भाव 19,000 रुपए और मॉडल भाव 9,700 रुपए प्रति क्विंटल रहा। गेहूं लोकमान की 1,300 क्विंटल आवक दर्ज हुई।

इसके भाव 2,700 से 3,200 रुपए और मॉडल भाव 2,930 रुपए रहा। मालवराज गेहूं 2,550 से 2,770 रुपए और मॉडल 2,750 रुपए बिका। गेहूं सिंह का मॉडल भाव 2,811 रुपए रहा।

श्यामपुर में सोयाबीन 5,895 रुपए तक

श्यामपुर मंडी में सोयाबीन का न्यूनतम भाव 3,910, अधिकतम 5,895 और मॉडल भाव 5,565 रुपए प्रति क्विंटल रहा। गेहूं के भाव 2,600 से 2,665 रुपए रहे, जबकि मॉडल भाव 2,630 रुपए दर्ज किया गया।

नरसिंहगढ़ में सोयाबीन की 9,526 क्विंटल आवक

नरसिंहगढ़ मंडी में 9,526.47 क्विंटल सोयाबीन पहुंचा। इसके भाव न्यूनतम 1,000, अधिकतम 6,100 और मॉडल 5,700 रुपए रहे। गेहूं की 1,034.5 क्विंटल आवक हुई, जिसका मॉडल भाव 2,500 रुपए रहा। लहसुन का अधिकतम और मॉडल भाव 7,325 रुपए दर्ज किया गया। प्याज का मॉडल भाव 3,010 रुपए रहा। वहीं लहसुन का अधिकतम भाव 23,300 रुपए प्रति क्विंटल पहुंचा, जबकि मॉडल भाव 5,000 रुपए रहा। नरसिंहगढ़ मंडी में सभी प्रमुख उपज की कुल आवक 12,613.27 क्विंटल दर्ज की गई।

जनभागीदारी से हुई भर्तियों के विरोध में एनयूसीआई का धरना

प्रीआर संवाददाता- सीहोर



जिले में जनभागीदारी के माध्यम से हुई कथित अनियमित भर्तियों के विरोध में एनयूसीआइ का अनिश्चितकालीन धरना और अनशन मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। जिला अध्यक्ष इरफान सिद्दीकिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने निगमों के विभिन्न हुई नियुक्तियों को रद्द करने और सही प्रक्रिया की मांग की। प्रदर्शन स्थल पर जिला कलेक्टर अध्यक्ष राजीव गुजराती, शहर कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम यादव सहित अन्य कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता पहुंचे और प्रदर्शन को समर्थन दिया। वक्ताओं ने मांगों की जांच कर दोषी पाए जाने वालों पर कार्रवाई की प्रक्रिया की जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाई जानी चाहिए। साथ ही योग्य और पात्र युवाओं को रोजगार के अवसर देने में योग्यता को प्राथमिकता देने की मांग की गई। धरना स्थल पर जिला कलेक्टर अध्यक्ष राजीव गुजराती, शहर कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम यादव सहित अन्य कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता पहुंचे और प्रदर्शन को समर्थन दिया। वक्ताओं ने मांगों की जांच कर दोषी पाए जाने वालों पर कार्रवाई की

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, म्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ आश्विनी कृष्ण पक्ष-12 -2083 विदिशा,बुधवार,दिनांक,07 अक्टूबर,2026

न्यूज गैलरी

सेवा संकल्प अभियान भाजपा वाहन रैली आज

विदिशा। रामशाबाद विधानसभा क्षेत्र के के पांचों पांचों मंडलों के कार्यकर्ताओं के द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत 7 अक्टूबर कुरवार को भोपा ज्योति संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस यात्रा के अंतर्गत अपने-अपने मंडलों से निर्धारित स्थान पर एकत्रित होकर मोटरसाइकिल एवं चार पहिया वाहनों से रैली के रूप में विदिशा के लिए प्रस्थान करेंगे। विदिशा में जिला स्तरीय पंडितदीन भारत संकल्प सम्मान के आयोजन में सम्मिलित होंगे।

अ०ल इंडिया ट्रेडर्स कैट की बैठक आज

विदिशा। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट मध्यप्रदेश का गणेशपुरम एवं भोपाल संभागीय सम्मेलन आज बुधवार को होगा। विदिशा प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र जैन न्यालिया के नेतृत्व में परिधर्व का शुभारंभ होगा। समय प्रातः 11 बजे से 12:30 बजे संभागीय बैठक एवं 12:30 बजे से 1 बजे तक ट्रेडी संघनी के अधिकारियों के द्वारा जीएसटी एवं अकाउंटेंट के लिए एक सेमिनार भी रखा गया है। महामंत्री रवि तलरेजा के अनुसार द ग्राहक होटल में यह परिचर्चा होगी।

युकां करेगी प्रदर्शन

विदिशा। शहर में सड़क एवं जर्जर सड़कों, जगह-जगह फैले कचरे और बिगड़ी हुई साफ सफाई व्यवस्था को लेकर युवा कांग्रेस पूरे जिला अध्यक्ष देवल वाष्णेय ने कहा कि सरकारों को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर की व्यवस्था बिगड़ी जिस नागरिकों के साथ-साथ आगामी नवरात्रि पर्व को लेकर भी चिंता का विषय है। वैभव भारद्वाज ने कहा कि दुर्गा जी की प्रतिमाओं का आगमन शुरू होने वाला है और नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शहर के विभिन्न मार्गों से होकर मंदिरों एवं सार्वजनिक स्थलों तक पहुंचेंगे। पूजा मंडलों के आसपास विशेष साफ-सफाई की व्यवस्था की जानी चाहिए।

शराब के लिए चाकूबाजी करने वाले को आजीवन कारावास की सजा

विदिशा। शराब पीने के लिए 500 रुपए मांगने और रुपए नहीं देने पर चाकू से हमला करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। विशेष न्यायाधीश जौरी शर्मा की अदालत ने आरोपी सुनील उर्फ तरुण राजपूत (32), निवासी विदिशा को एससीएसटी एक्ट की धारा 3(2) (ए) में उम्रकैद तथा मारपीट की धारा 327 में 7 साल सश्रम कारावास और कुल 3500 रुपए अर्थदंड से दंडित किया। गवाही 231 के अनुसार 4 अक्टूबर 2022 को शाम करीब

फोनपे से भुगतान-वाट्सअप पर लोकेशन, कॉन्टेक्टलेस डिलीवरी उजागर

झालावाड़ से सप्लाई होकर विदिशा पहुंचती रही ब्राउन शुगर, 80 ग्राम जब्त

डीआर संवाददाता ■ विदिशा



विदिशा पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली एवं थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा अलग-अलग प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए कुल 80 ग्राम ब्राउन शुगर, 2 मोटरसाइकिल, 1 इलेक्ट्रिक ऑटो, 1 मोबाइल फोन एवं 11,640 नगदी सहित लगभग 12 लाख 81 हजार 640/- का मशरूका जप्त किया गया है। कार्रवाई के दौरान गांजे की आदी सहित कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

मशा कूपना हेल्पलाइन 7587837835 और व्हाट्स 112 पर दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रहेगी।

एसपी रोहित काश्वानी ने ब्राउन शुगर स्मैकट को किया उजागर

कोतवाली पुलिस द्वारा दो अलग-अलग प्रकरणों में कुल 60 ग्राम ब्राउन शुगर जप्त कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। एक प्रकरण में दिनांक 3 अक्टूबर 2026 को इंटरस्टेट एरिया जंबार बागरी उर्फ एवं नारायण चुरावाट उर्फ बंटू को रोड सिंह बाना के कब्जे से 20-20 ग्राम ब्राउन शुगर जप्त की गई। एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसी प्रकरण दूसरे मामले में होलालेली, बैरसिया रोड पर कार्रवाई करते हुए संदीप शर्मा एवं विनेश चालोदिया के कब्जे से 20 ग्राम ब्राउन शुगर एवं मोटरसाइकिल जप्त की गई। थाना सिविल लाइन में 20 ग्राम ब्राउन शुगर सहित 481 लाल का मशरूका जप्त किया। सिविल लाइन पुलिस द्वारा दो अलग-अलग चुनर, इलेक्ट्रिक ऑटो, अपाचे प्रकरणों में कुल 20 ग्राम ब्राउन

राजस्थान-राजगढ़ से नशा कनेक्शन

मोटरसाइकिल एवं 21 हजार 640 नगद जप्त किया गया तथा कुल 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। एक प्रकरण में धोनेश सिंह अहिरवार, सरदार सिंह अहिरवार, निवासी बाई, गौहर नंदर निवासी बिलासीपुर एवं रामप्रसाद के पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

पीपी प्रकरण में ऋतिक मुरावाह, अभिषेक करण एवं कैलाश वाल्मीकि के नाम सामने आए। इन सभी के विभाजक की गई है। एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई पुलिस जांच में पकड़े पदार्थों की सप्लाई राजस्थान झालावाड़ से राजगढ़ होते हुए विदिशा में विक्रय किए जाने की जानकारी सामने आई है।

जांच में बिलासीपुर राजगढ़ से जुड़े सप्लाई लिंक की जानकारी भी प्राप्त हुई है। पुलिस द्वारा सप्लायर, स्थानीय सीयर, विक्रय नेटवर्क एवं इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य व्यक्तियों की जानकारी संकलित की जुटाई जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपियों में कुछ आदतन अपराधी स्वयं भी मादक पदार्थों का सेवन करते थे।

नशे की लत के चलते कुछ आरोपी मादक पदार्थों की उपलब्धता एवं बिक्री से जुड़े नेटवर्क में शामिल हुए। पारिवारिक कनेक्शन एवं आपसी परिचितों के माध्यम से आरोपियों के एक-दूसरे से जुड़े होने की जानकारी भी सामने आई है।

एसपी रोहित काश्वानी एवं सीएसपी अनुज सिंह के नेतृत्व में कोतवाली टीआई आनंद राज सिविल लाइन टीआई राजपाल सिंह जादौन सहित पुलिस टीम की अहम भूमिका रही।

हलाली बांध से पानी छोड़ने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे किसान



डीआर संवाददाता ■ विदिशा।

हलाली बांध की नहरों से सिंचाई के लिए पानी छोड़ने की मांग को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले बड़ी संख्या में किसान बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। किसानों ने कलेक्टर के नाम आगर सीगेकर प्रात की फसल के लिए नहरों में पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने की मांग रखी।

किसानों का कहना है कि धान की फसल के लिए इस समय सिंचाई की आवश्यकता है। ऐसे में हलाली बांध से नहरों में पानी छोड़ा जाना जरूरी है। इसके अलावा किसानों ने सिंचाई कनेक्शन वाली लाइनों में कम से कम 12 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग भी की।

ज्ञापन देने पहुंचे किसानों ने कलेक्ट्रेट गेट पर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। किसान कलेक्टर से मौके सभी समस्या करने और अपनी समस्याएं रखने की मांग पर अड़े रहे। इसके बाद कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने किसानों के प्रतिनिधिमंडल को अपने चैंबर में बुलाकर उनकी समस्याएं सुनीं और मांगों पर चर्चा की। कलेक्टर प्रदेश प्रवक्ता राहुल राज ने किसानों के साथ चर्चा के बाद सरकार पर किसान विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाया। इस दौरान राजा सागर, वीर सिंह रघुवंशी, अमीरा बेग, राजेंद्र सिंह, नवल सिंह, जाहिद मोहम्मद, हेमंत रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

नसबंदी के बाद महिला की मौत

डीआर संवाददाता ■ विदिशा।

जिला अस्पताल में नसबंदी ऑपरेशन के बाद 31 वर्षीय महिला रुक्मिणी लोधी की मौत हो गई। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए मामले की जांच की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। तारिकनी के अनुसार रुक्मिणी की तीसरी डिलीवरी के बाद नसबंदी ऑपरेशन किया गया था। ऑपरेशन के कुछ समय बाद पेट में दर्द होने पर उसे इंजेक्शन दिए गए। परिजनों का आरोप है कि तीन इंजेक्शन लगाए जाने के बाद उसकी हालत बिगड़ गई और उसे आईसीयू में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। रुक्मिणी की नसबंदी 29 सितंबर को जिला अस्पताल में जनरल सर्जन डॉ. अनुज वर्मा ने की थी। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. अनुज वर्मा ने बताया कि महिला को पेलवर आने की समस्या हुई थी। डॉक्टर मिलने पर उसे आईसीयू में उपचार दिया गया, लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण का पता चल सकेगा। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद जांच शुरू कर दी है।

डिजिटल तकनीक से ड्रग्स नेटवर्क का भंडाफोड़, 12 आरोपी गिरफ्तार

हाट्सएप कॉल-मैसेज से तय होती थी डिलीवरी की जगह, 80 ग्राम ब्राउन शुगर

डीआर संवाददाता ■ विदिशा।

ऑपरेशन क्लीन एमपी के तहत विदिशा पुलिस ने मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ चली कार्रवाई करते हुए 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी डिजिटल माध्यम से संचालित कॉन्टैक्टलेस नेटवर्क के जरिए ब्राउन शुगर की सप्लाई कर रहे थे। कार्रवाई में 80 ग्राम ब्राउन शुगर, दो मोटरसाइकिल, एक इलेक्ट्रिक ऑटो, गोवाहटल फोन और 21,640 रुपए नकद सहित 12.81 लाख रुपए से अधिक का मशरूका जब्त किया गया।

जांच में सामने आया कि आरोपी साजिशें से फोन-पे और अन्य डिजिटल माध्यमों से भुगतान लेते थे। इसके बाद व्हाट्सएप कॉल या मैसेज के जरिए डिलीवरी की जगह तय की जाती थी। ग्राहक के बताए स्थान पर पहुंचने के बाद नशीला पदार्थ दिया जाता था, जिससे आरोपियों का सीधे संपर्क कम से कम रहे।

पुलिस अधीक्षक रोहित काश्वानी ने बताया कि कोतवाली और सिविल लाइन पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। जांच में आधुनिक तकनीक और राजस्थान के झालावाड़ से राजगढ़ के बिलासीपुर होते हुए विदिशा तक पहुंचने की जानकारी सामने आई है। पुलिस अब सप्लायर, स्थानीय सीयरों और आर्थिक नेटवर्क की जांच कर रही है। डिजिटल बैंक खातों और लेनदेन की भी पड़ताल की जा रही है।

बीपीएल सूची में वेयरहाउस संचालक और शिक्षक मिले अपात्र, वसूली की तैयारी

डीआर संवाददाता ■ विदिशा।

विदिशा। पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जिले में बीपीएल सूची का सत्यापन कराया जा रहा है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर सुरवाहें में जांच के दौरान आर्थिक रूप से संपन्न लोगों के नाम बीपीएल सूची में दर्ज पाए गए हैं। प्रशासन ने अपात्र नाम हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

एसडीएम मोतीलाल अहिरवार ने बताया कि जांच में ग्राम पैरोखेड़ी के वेयरहाउस संचालक ब्रज सिंह यादव संचालक शामिल पाए गए। इसी तरह प्राथमिक शिक्षक पृथ्वी सिंह दांगी और उनकी पत्नी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मीना दांगी का नाम भी अपात्र मिला है। ग्राम सलेमेढ़ी में उपस्थित किया गया। सत्यापन अभियान के दौरान कई ऐसे परिवार भी सामने आए, जो आयकर चुकाते हैं या जिनके पास चार पहिया वाहन हैं, फिर भी उनके नाम बीपीएल सूची में दर्ज थे।

एसडीएम ने कहा कि अपात्र लोगों के नाम सूची से हटाए जाएंगे। पूरी से लिए गए शासकीय लाभ की वसूली भी की जा सकती है। उन्होंने अपात्र लोगों से स्वेच्छा से अपना नाम सूची से हटवाने के लिए आवेदन करने की अपील की है।

गरीब परिवारों को निशुल्क मिलेगी अंतिम संस्कार सामग्री

डीआर संवाददाता ■ गंजबासौदा



आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की मदद के लिए गंजबासौदा के पातालगी विश्राम घाट पर निशुल्क अंतिम संस्कार सामग्री उपलब्ध कराने की पहल शुरू की गई है। यह सुविधा शहर के पूर्व विधायक स्वर्गीय श्री रामनारायण तेलगुरिया की स्मृति में मंगलवार से शुरू की गई।

पूर्व विधायक के बेटे मयंक तेलगुरिया ने बताया कि उपकरणधर परिवारों को अंतिम संस्कार में उपयोग होने वाली सामग्री निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए विश्राम घाट पर संपर्क नंबर प्रदर्शित किया गया है और एक व्यक्ति को व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल सहायता मिल सके।

तेलगुरिया परिवार के अनुसार दुर्घटना या अन्य कारणों से मृत्यु होने पर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को अंतिम संस्कार की सामग्री जुटाने में परेशानी होती है। इस पहल का उद्देश्य ऐसे परिवारों को आर्थिक बोझ से राहत देना और अंतिम संस्कार की प्रक्रिया बिना परेशानी पूरी करने में सहयोग करना है।

एसपी ने छात्रों को पढ़ाया सड़क सुरक्षा का पाठ

डीआर संवाददाता ■ विदिशा।



सड़क सुरक्षा को लेकर विदिशा पुलिस ने शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। पुलिस अधीक्षक रोहित काश्वानी ने छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए सड़क पर सावधानी बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि छोटी सी लापरवाही भी गंभीर हादसे का कारण बन सकती है, इसलिए यातायात नियमों का पालन सभी की जिम्मेदारी है।

एसपी ने छात्रों को हेलमेट और सीट बेल्ट के निर्बाध उपयोग की सलाह दी। उन्होंने कहा कि वाहनदिनों को वाहन चलाने से बचना चाहिए, क्योंकि इससे उनकी सुरक्षा के साथ अन्य लोगों की जान भी खतरे में पड़ सकती है। जांटी चालकों को भी निर्धारित क्षमता के अनुसार ही बच्चों को बैठाने और नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में यातायात पुलिस ने छात्रों को राह-वीर योजना, हौसलोत उपचार योजना चाची गोल्डन अवर और हिट एंड रन प्रतिकार योजना की जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय पर प्राथमिक सहायता और उपचार मिलना बेहद महत्वपूर्ण है। सुरक्षाती समय में ही गई मदद हादसे की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

पुलिस ने छात्रों से स्वयं यातायात नियमों का पालन करने और अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की अपील की।

सम्मानित होंगे

विदिशा में रनिंग को बढ़ावा देने की पहल, 300 किमी दौड़ने वाले रनर्स होंगे सम्मानित

सितंबर में 320 किलोमीटर रनिंग पूरी करने पर शरद कुशवाह को मिला बेस्ट रनर अवार्ड

डीआर संवाददाता ■ विदिशा।



शहर में रनिंग को बढ़ावा देने और लोगों को नियमित व्यायाम के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से विदिशा रनर्स ग्रुप ने नई पहल शुरू की है। ग्रुप की ओर से अब हर महीने 300 किलोमीटर या उससे अधिक रनिंग पूर्ण करने वाले रनर्स को सम्मानित किया जाएगा। इस पहल के तहत सितंबर माह में 320 किलोमीटर रनिंग पूरी करने वाले शरद कुशवाह को बेस्ट रनर अवार्ड से सम्मानित किया गया।

रविवार सुबह स्थानीय सदस्यों की मौजूदगी में शरद कुशवाह को सम्मानित किया गया।

ग्रुप के संस्थापक और राष्ट्रीय धावक भानु दुबे ने बताया कि विदिशा रनर्स ग्रुप करीब तीन वर्षों से लोगों को रनिंग के लिए लगातार प्रोत्साहित कर रहा है। ग्रुप से जुड़े रनर्स देश के विभिन्न शहरों में आयोजित होने वाली मैराथन प्रतियोगिताओं में भी भाग लेते हैं।

भानु दुबे ने बताया कि हाल ही में उज्जैन में आयोजित पहले मैराथन महाकाल एडिशन में भी ग्रुप के 15 सदस्यों ने हिस्सा लिया था। उन्होंने कहा कि रनिंग केवल सड़क पर दौड़ने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, निरंतरता और समर्पण के साथ खुद को बेहतर बनाने की प्रक्रिया है।

ग्रुप का मानना है कि 300 किलोमीटर मासिक रनिंग का लक्ष्य अन्य लोगों को भी नियमित दौड़ के लिए प्रेरित करेगा। शरद कुशवाह की उपलब्धि को इसी अभियान की विशाल बताया गया। कार्यक्रम में खजान सिंह, राजकुमार दुबे, कृष्ण कुमार बीजासरिया, राकेश ठाकर्, मनिंदर सिंह साहू, कैलाश मंडवारी, विशाल शर्मा, एडवोकेट माधो भोटोड़, राजीव शर्मा, सुनील शर्मा और प्रभात यादव सहित अन्य रनर्स मौजूद रहे।

सूखती धान की फसल लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे किसान

डीआर संवाददाता ■ विदिशा।



जिले में जून बारिश के कारण धान की फसल पर संकट गहराता जा रहा है। विदिशा और गुलाबगंज तहसील के कई क्षेत्रों में पानी की कमी से खेतों में खड़ी धान की फसल सूखने लगी है। फसल बचाने की मांग को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के किसान मंगलवार को सूखी धान लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और जनसुनवाई में ज्ञापन सौंपा।

किसानों ने प्रशासन से नहरों में जल्द पानी छोड़ने की मांग की है। किसान नेताओं ने कहा कि धान की फसल नहर के पानी पर निर्भर है। समय पर सिंचाई नहीं मिलने से फसल को नुकसान हो सकता है। किसानों ने प्रशासन को दो दिन का समय देते हुए चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं होने पर नेशनल हाईवे, स्टेट हाईवे और ग्रामीण मार्गों पर चक्काजाम किया जाएगा।

पूर्वी विभान के उपसंचालक सचिन जैन के अनुसार जिले में इस वर्ष सामान्य से करीब 29 प्रतिशत कम बारिश हुई है। विदिशा और गुलाबगंज क्षेत्र में सिंचाई अधिक प्रभावित है। उन्होंने नहरों से पानी उपलब्ध कराने के लिए प्रयास किए जाने की जानकारी दी।किसानों ने कहा है कि जल्द पानी नहीं मिला तो धान की फसल बचाना मुश्किल हो जाएगा।

डिजीटल अखबार

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहेड़ा, तलेन

आश्विनी कृष्ण पक्ष-12 -2083 राजगढ,दिन बुधवार,दिनांक 07अक्टूबर,2026

न्यूज गैलरी

आज से स्टेडियम में शुरू होगी सेवा ज्योति यात्रा

राजगढ़। भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर के अनुसार 7 अक्टूबर यानी आज शहर के स्टेडियम प्रांगण से सेवा ज्योति यात्रा का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे एकत्रीकरण से होगी। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लघुउद्बोधन होगा। इसके बाद यात्रा ज्योति कलश के साथ यात्रा रथ को विभिन्न विधानसभाओं के लिए रवाना होगी। जिला भाजपा के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा एवं राष्ट्र निर्माण के 25 वर्ष पूरे होने व साल 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

आंगनवाड़ी में गतिविधियों में उत्साह से लिया हिस्सा

पीपलखा–रसोई हाजरी सेवा संकल्प अभियान के तहत गांव की आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र में आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बच्चों ने विभिन्न खेल और गतिविधियों में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। गतिविधियों के आयोजन से बच्चों को खेल-खेल में सीखने का अवसर दिया गया। साथ ही बच्चों के बीच आपसी मेलजोल बढ़ाने और सामाजिक व्यवहार विकसित करने के लिए भी अलग-अलग गतिविधियां कराई गईं। अभिभावकों को भी बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. सुनील गालवीय, फूलसिंह चौहान, सुरेश पुष्पद, सोमाराम रुडेला सहित आस्था कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी मिशन समूह की महिलाएं और अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

90 वर्षीय दुर्गा बाई परमार का निधन

पड़ाना। बापूलाल परमार की पत्नी एवं प्रहलाद सिंह, धनसिंह और जुझार सिंह (सेक्रेटरी) की मातामी दुर्गा बाई परमार का मंगलवार को 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से नगर सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार सुबह 10 बजे बावलास सड़क मार्ग स्थित निजी निवास से निकाली गई।

अंतिम यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बावलास रोड स्थित भूमिशान पहुंची। यहां अंत्येष्टि पुत्र प्रहलाद सिंह परमार ने उन्हें मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा में नगर के साथ ही आसपास के गांव मगलाना, रामपुरिया, साधनखेड़ी, आसरेटा, टीकोद सहित सारंगपुर से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

कालीपीठमें लकड़बग्घे की दहशत, तीन लोगों पर हमला

दो दिन पहले कुएं से किया था रेस्क्यू, ग्रामीणों का दावा- इसी लकड़बग्घे ने बनाया तीन लोगों को शिकार

प्रीता संवाददाता ■ राजगढ़।

कालीपीठ थाना क्षेत्र में मंगलवार को लकड़बग्घे के हमले से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। तोडरी गांव से कालीपीठ केंद्र तक करीब तीन घंटे के दौरान तीन लोगों पर हमले की घटनाएं सामने आई हैं। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। वन विभाग ने घायलों के परिजनों से आवेदन लेकर नियमानुसार सहायता की प्रक्रिया शुरू की है।

ग्रामीणों के अनुसार दो दिन पहले 3 अक्टूबर को लेहरगी गांव में मोर सिंह कंगारोत के खेत में बने कुएं में एक लकड़बग्घा गिर गया था। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से उसे रेस्क्यू किया गया। जान की सलामती के बाद लकड़बग्घा जंगल की ओर भाग गया था। मंगलवार को उसी ट्रेक में फिर लकड़बग्घा दिखाई देने के बाद लगातार तीन लोगों पर हमले हुए।



घर में अकेली थीं 80 वर्षीय महिला

मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे लेहरगी गांव में 80 वर्षीय सरदार बाई घर में अकेली थीं। परिवार के रादरया गांव में भात रही भागवत कथा में गए हुए थे। इसी दौरान लकड़बग्घे ने घर में घुसकर महिला पर हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। बाद में परिजन उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनके चेहरे पर 15 टांके लगाए गए।

सरदार बाई का अस्पताल में उपचार चल ही रहा था कि करीब आई बजे 18 वर्षीय शिवानी पर भी हमला हो गया। युवती खेत में काम करने गई थी। हमले में उसके पेट और हाथ पर चोटें आईं। इसके बाद लकड़बग्घा वहां से भागकर कालीपीठ क्षेत्र की ओर पहुंचा।

करीब सवा तीन बजे खेत में काम कर रहे 22 वर्षीय मंगीलाल धाकी पर भी लकड़बग्घे ने हमला कर दिया। दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया।

वन विभाग ने अभी नहीं की पुष्टि

ग्रामीण लकड़बग्घे को स्थानीय भाषा में उपरू या बरगड़ भी कहते हैं। ग्रामीणों का दावा है कि मंगलवार को हुए तीनों हमलों में वही लकड़बग्घा शामिल था, जिसे दो दिन पहले कुएं से रेस्क्यू किया गया था। हालांकि वन विभाग की ओर से अभी इसकी पुष्टि नहीं की गई है। विभाग यह भी जांच कर रहा है कि तीनों घायलों में एक ही जानवर शामिल था या कोई दूसरा लकड़बग्घा।

राजगढ़ जिले में पहले भी रहवासी क्षेत्रों के आसपास लकड़बग्घे दिखाई देने की घटनाएं सामने आती रही हैं। वर्ष 2025 में भाटखा क्षेत्र के लहारिया खेड़ी में भी लकड़बग्घों और एक व्यक्ति के बीच संघर्ष की घटना हुई थी। लगातार सामने आ रही घटनाओं से लेहरगी और आसपास के गांवों के ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है।

सोयाबीन का उचित भाव नहीं मिलने पर किसानों ने हाईवे पर लगाया जाम



प्रीता संवाददाता ■ खुजनेर

स्थानीय कृषि उपज मंडी में मंगलवार शाम सोयाबीन की उपज का उचित भाव नहीं मिलने से नाराज किसानों ने हंगामा कर दिया। आक्रोशित किसानों ने पचोर-जीरापुर स्टेट हाईवे पर जाम लगा दिया। इससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई और यातायात प्रभावित रहा।

किसानों का कहना है कि इस बार सोयाबीन की फसल अच्छी होने के बावजूद उन्हें उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। किसानों ने आरोप लगाया कि व्यापारी अपनी मनमर्जी से भाव तय कर रहे हैं, जिससे उन्हें कम कीमत में अपेक्षित कीमत नहीं मिल पा रही है। किसानों ने मंडी में भोजन, पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर भी नाराजगी जताई।

हंगामे और हाईवे पर जाम की सूचना मिलने के बाद सीएसपी सुभाष और छापीहेड़ा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और समझाइश दी। करीब दो घंटे से अधिक समय तक चले हंगामे के बाद किसानों को समझाने में सफलता मिली, जिसके बाद जाम समाप्त कराया गया और यातायात व्यवस्था बहाल हुई।

किसानों ने प्रशासन से सोयाबीन की उपज का उचित मूल्य दिलाने के साथ मंडी में किसानों की लिए पानी, भोजन सहित जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

थाना प्रभारी छापीहेड़ा उमाशंकर मुकाती ने बताया कि किसानों ने जाम लगाया था। पुलिस मौके पर पहुंची और जाम खुलवाया। साथ को लेकर किसानों से चर्चा कर उन्हें संतुष्ट किया गया, जिसके बाद स्थिति सामान्य हुई।"

विवाद के बाद कार चालक ने बाइक को तीन बार मारी टक्कर, दो घायल

प्रीता संवाददाता ■ ब्यावरा।

नेशनल राईवे स्थित सिविल अस्पताल चौकी पर रोगवार दोपहर विवाद के बाद कार चालक ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। आरोप है कि चालक ने बाइक को तीन बार टक्कर मारी और सड़क पर गिरने के बाद उसे करीब 90 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। हादसे में बाइक सवार गोपाल दांगी और मुकेश शाकवार घायल हो गए। इनमें एक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया।

जानकारी के अनुसार अस्पताल के पास गोपाल और मुकेश की किसी बात पर कार चालक से कहासुनी हुई थी। स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। इसके बाद दोनों बाइक से दुकान की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आई कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चालक ने दोबारा भी कार पीछे लेकर बाइक को टक्कर मारी।

घटना के बाद आसपास खड़े लोगों ने हाईवे पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

बाहरी दुकानदारों से कारोबार प्रभावित, व्यापारी महासंघ ने सौंपा ज्ञापन

प्रीता संवाददाता ■ ब्यावरा

शहर में बाहर से आकर दुकानें लगाने वाले व्यापारियों के खिलाफ मंगलवार को व्यापारी महासंघ ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। महासंघ ने आरोप लगाया कि कई बाहरी दुकानदार बिना अनुमति अलग-अलग स्थानों पर दुकानें लगाकर व्यापार कर रहे हैं। इससे स्थानीय व्यापारियों के कारोबार पर असर पड़ रहा है। व्यापारियों ने कहा कि



स्थानीय दुकानदार ऐसे समय में शहर में कारोबार कर रहे हैं और बिजली कर एवं शुल्क का भुगतान करने के साथ निर्धारित नियमों का पालन करते हैं। इनके मुकाबले बाहर से आने वाले कुछ दुकानदार सीमित अवधि के लिए दुकानें लगाकर व्यापार करते हैं और बाद में चले जाते हैं। इससे स्थानीय व्यापारियों के साथ असमान प्रतिस्पर्धा बन रही है।

महासंघ ने प्रशासन से शहर में दुकानें लगाने वाले बाहरी व्यापारियों की अनुमति, दस्तावेज और वैधानिक स्थिति की जांच कराने की मांग की है। व्यापारियों का कहना है कि नियमों का उल्लंघन मिलने पर संबंधित दुकानदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए।

महासंघ ने स्पष्ट किया कि उसका उद्देश्य किसी के व्यापार का विरोध करना नहीं है, बल्कि शहर में व्यापार करने वाले सभी लोगों के लिए समान नियम लागू कराना है। व्यापारियों ने अपेक्षा की है कि प्रशासन इस दिशा में जल्द ठोस कदम उठाएगा।

शराब के नशे में कंप्यूटर ऑपरेटर ने अस्पताल में किया हंगामा, मामला दर्ज

प्रीता संवाददाता ■ ब्यावरा

जीरापुर। नगर के सिविल अस्पताल में सोमवार रात शराब के नशे में कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा हंगामा करने का मामला सामने आया। पुलिस के अनुसार ऑपरेटर इंटरमीडिएट के कंप्यूटर ऑपरेटर जितेंद्र मेहरा ने कथित तौर पर अस्पताल के मेन्स बंद कर दिए और ओपीडी पर्ची कक्ष का गेट अंदर से बंद कर दिया।



आरोप है कि इस दौरान उसने अस्पताल के स्टाफ से अभद्रता की और इमरजेंसी सर्विस की ओपीडी पर्ची बनाने से भी इनकार किया। इससे गरीब और जरूरतमंद मरीजों को परेशानी हुई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील पीपरिया ने बताया कि ऑपरेटर ने कार्यालय से भी अभद्रता की। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे थाने ले गई। पुलिस ने धारा 151 के तहत कार्रवाई की।

दशहरा पर्व को लेकर नपा ने शुरू की तैयारियां, दोनों मैदानों का निरीक्षण

प्रीता संवाददाता ■ सारंगपुर।

आगामी 20 अक्टूबर को विजयादशमी पर्व को लेकर नगर पालिका ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। बुधवार नगर पालिका अधिकारी दीपक रानावे ने नवीन बस स्टैंड के पास स्थित दशहरा मैदान और पुराने दशहरा मैदान का निरीक्षण किया।

उन्होंने रावण दहन स्थल, दर्शकों की बैठक व्यवस्था और आवागमन मार्गों की स्थिति देखी।

सीएमओ ने मार्गों का समतलीकरण जल्द पूरा कराने के साथ आवश्यक स्थानों पर बैरिकेडिंग और विशेष सफाई व्यवस्था के निर्देश दिए।

इसके अलावा सावन दहन स्थल व आसपास पर्याप्त प्रकाश, पेयजल और अग्निशमन व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

प्रभारी स्वास्थ्य निरीक्षक रतीश कंसारे को सभी कार्य निर्धारित समय में पूरा कराने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल की गोली, आंखों की भी हुई जांच

प्रीता संवाददाता ■ कुरावर।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को सेवा पखवाड़ा एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत विशेष स्वास्थ्य अभियान आयोजित किया गया। सीएचसी चिकित्सक मोहन शर्मा ने बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर अभियान की शुरुआत की। कार्यक्रम के दौरान 1 से 19 वर्ष तक के स्कूली एवं आंगनबाड़ी नामांकित श्रेणी के छितवाड़ियों को कृमिनाशक दवा की खुराक दी गई।

अभियान के साथ स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम के तहत आंखों की जांच भी की गई। डॉ. शाकीन खान ने बच्चों और अन्य हितग्राहियों की आंखों की जांच की। जांच के बाद जरूरत के अनुसार पात्र लोगों को चश्मे वितरित किए गए।

कार्यक्रम में नर्सिंगगढ़ एसडीएम अमर प्रताप सिंह पटेल, सीबीएमओ डॉ. राजेंद्र सिंह अहिरवार, मेडिकल ऑफिसर डॉ. नरेश कुमार गवली सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। नगर परिषद अध्यक्ष बादाम बाई बालावत, उपाध्यक्ष सद्दपंथी, जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, स्कूली बच्चे और बड़ी संख्या में हितग्राही भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

बैठक में निर्देश

किसानों को नकद भुगतान दिलाने मंडी पहुंचे विधायक

बैंक प्रतिनिधियों, किसानों और व्यापारियों के साथ बैठक, गुरुवार को भी खरीदी जारी रखने के निर्देश

प्रीता संवाददाता ■ कुरावर।

कृषि उपज के भुगतान में देरी को लेकर किसानों की नाराजगी के बाद मंगलवार को विधायक मोहन शर्मा और एसडीएम अभय प्रताप सिंह पटेल कुरावर कृषि उपज मंडी पहुंचे। वहां किसान, व्यापारी और विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर भुगतान व्यवस्था में आ रही समस्याओं पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



दरअसल, सोयाबीन को किसानों ने कृषि उपज का नकद भुगतान करने की मांग को लेकर मंडी में करीब दो घंटे तक नीलामी बंद कर दी थी। किसानों का कहना था कि व्यापारी उपज खरीदने के बाद आरटीजीएस के माध्यम से भुगतान करते हैं, जिसमें कई बार करीब आठ दिन लग जाते हैं। इससे खाकल जरूरतों के लिए किसानों को परेशानी होती है।

मंगलवार दोपहर हुई बैठक में भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, नर्मदा मालवा, एक्सीएचसी और आईडीएफसी बैंक के प्रतिनिधि, किसान और व्यापारी शामिल हुए। बैंक प्रतिनिधियों ने बताया कि बैंकों में नकद राशि निकालने वाली की संख्या अधिक है, जबकि नकद जमा कराने वाले खाताधारक कम हैं। साथ ही मुख्य शाखा से मिलने वाली 80 से 90 लाख रुपए की नकद सीमा भी कई बार दो से तीन दिन में उपलब्ध होती है। इससे व्यापारियों के लिए किसानों को खाकल नकद भुगतान करना मुश्किल होता है।

इस पर विधायक मोहन शर्मा ने कलेक्टर डॉ. गितिका मिश्रा से फोन पर चर्चा कर बैंकों में पर्याप्त नकदी उपलब्ध कराने की व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी उपज का भुगतान समय पर मिले, इसके लिए बैंक, व्यापारी और प्रशासन सभी को काम करें।

बैठक में किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मनफूल सिंह बना, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश मंडलोई, नगर परिषद सांसद प्रतिनिधि बाला प्रसाद पंचपंथी, अनाज व्यापारी संघ अध्यक्ष पवन अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में किसान, व्यापारी और बैंक अधिकारी मौजूद रहे।

स्कूल जाने निकली 10वीं की छात्रा की जंगल में मिली लाश, हत्या की आशंका

प्रीता संवाददाता ■ ब्यावरा।

कोतवाली थाना क्षेत्र से छह दिन पहले लापता हुई 10वीं कक्षा की 17 वर्षीय छात्रा का शव मंगलवार को खातखर थाना क्षेत्र में रानतेरपुरा रोड के पास जंगल से बरामद हुआ। पुलिस ने प्रथम दृष्टया गला घोंटने की बात से जोड़कर जांच शुरू की है। घटनास्थल से एक चाकू और छात्रा का स्कूल बैग भी मिला है। शव की स्थिति सड़ान होने के कारण पोस्टमार्टम मोगावत में कराया जाएगा।



पुलिस के अनुसार छात्रा 30 सितंबर को रोज की तरह स्कूल जाने की बात कहकर घर से निकली थी। वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने कोतवाली थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। जांच के दौरान पुलिस एक संदेही तक पहुंची, जिसकी निशानदेही पर जंगल में तलाश की गई। वहां छात्रा का स्कूल बैग भी मिला है।

जांच में पुलिस ने मातावर स्थित एक बैंक के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले। फुटेज में छात्रा एक अन्य युवक के साथ बाइक पर दिखाई दी, जबकि एक युवक दूसरी बाइक से उनके पीछे जाता नजर आया। कुछ देर बाद तीनों एक ही बाइक से जाते दिखाई दिए। वापसी के फुटेज में दो युवक तो नजर आए, लेकिन छात्रा उनमें साथ नहीं थी।

मामले में एक अन्य संदेही युवक की 30 सितंबर को सड़क हादसे में मौत हो चुकी है। वहीं, पुलिस के अनुसार वर्तमान संदेही जंगल पहुंचने को लेकर अलग-अलग बातें बता रहा है। हत्या के कारणों का अभी खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस ने सर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।